जोया अख्तर ने बदला अपने स्क्रिप्ट लिखने का तरीका

▪ कुछ साल पहले डायरेक्टर जोया अख्तर का कहना था कि वे एक्टर्स को दिमाग में रखकर उनके लिए रोल लिखती हैं। उनकी यह सोच अब पूरी तरीके से बदल चुकी है। हाल में हुए इंडियन फिल्म फेस्टिवल मेलबर्न के दौरान उन्होंने ऑडियंस से मुखातिब होते हुए विस्तार से बताया कि अब वे अपने माइंड बैरियर को तोड़ चुकी हैं, जहां एक राइटर को मजबूरन किसी एक्टर के लिए रोल लिखना पड़े। जोया इस बारे में बताती हैं...'मुझे अपनी पहली फिल्म 'लक बाई चांस' बनाने में सात साल लग गए। इसे छह एक्टर्स मना कर चुके थे। यह फिल्म किसी बड़े एक्टर को लेकर नहीं बनाई जा सकती थी, क्योंकि इसका उतना बड़ा बजट नहीं था। लोगों के नकारने के पीछे का कारण मुझे पता था कि यह कैरेक्टर बहुत कॉम्प्लैक्स , वहीं कुछ एक्टर को यह किरदार समझ में ही नहीं आया। मैं इस सोच से आगे बढ़ चुकी हूं, जहां पर मुझे किसी एक एक्टर के लिए रोल लिखना पड़ा। 'गली बॉय' मेरी पहली फिल्म है, जहां पर सभी कलाकारों ने पहली बार में ही हामी भर दी थी। मैं यहां फिल्म बनाने आई हूं और किसी तरीके से ऐसे एसोसिएशन से नहीं जुड़ना चाहती हूं। जहां मुझे किसी एक एक्टर के लिए कोई खास रोल लिखना पड़े।'